हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–253 : जौनपुर, शनिवार 15 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से लड़ेंगे चुनाव : पहले व दूसरे चरण के प्रत्याशियों की सूची जारी

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के पहले व दूसरे चरण के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहर से चुनाव लड़ेंगे जबकि केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज की सिराथु सीट से प्रत्याशी होंगे। कैराना विधानसभा सीट से मृगांका सिंह भाजपा प्रत्याशी होंगी। पार्टी के यूपी प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कांफ्रेंस कर सूची जारी की है। भाजपा ने पहले चरण की 58 सीटों में से 57 उम्मीदवारों व दूसरे चरण की 55 सीटों में से 48 पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। भाजपा ने श्रीकांत शर्मा को मथुरा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। वह योगी सरकार में ऊर्जा मंत्री हैं। मेरठ दक्षिण से सुरेंद्र तोमर व खतौली से विक्रम सैनी को प्रत्याशी बनाया गया है। नवाबगंज से एमपी आर गंगवार, फरीदपुर से डॉ. श्याम बिहारी लाल, बरेली से डॉ. अरुण सक्सेना, बरेली कैंट से संजीव अग्रवाल, कटरा से वीर विक्रम सिंह प्रत्याशी होंगे। भाजपा ने 107 प्रत्याशियों की सूची जारी की है। यूपी प्रभारी ने दावा किया है कि 2017 की तरह 2022 में भी भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत से यूपी में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि 2017 में जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत का जनादेश दिया था। योगी सरकार ने पिछड़े पांच साल में, दंगाइयों व भ्रष्टाचारियों पर रोक लगाई है। अब प्रदेश में रात को 12 बजे भी एक महिला घर से बाहर निकल सकती है। प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। प्रदेश में इंफ्रांस्ट्रक्चर का जाल बिछाया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट बन रहा है। एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। यह भाजपा सरकार की नीतियों का ही प्रभाव है कि यूपी आज बीमारू राज्य नहीं है बल्कि विकास का सिरमौर बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि यूपी की जनता एक बार फिर हम 300 से ज्यादा सीटें जीतेंगे।

## पालतू कुत्ते ने बकरी को काटा तो दो पक्ष आमने–सामने : बुलानी पड़ी पुलिस

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ जिले के सिधारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात बेजुबानों को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। मौके पर पहुंची डायल 112 हेल्पलाइन की पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर चली गई। दोनों पक्षों में घंटों विवाद चलता रहा। पुलिस के काफी समझाने पर मामला शांत हो हुआ और दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया। जानकारी के अनुसार, सिधारी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति जो रोडवेज कार्यालय में बाबू के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार की देर शाम उनके कुत्ते ने पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति की बकरी को काट लिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ने लगा। किसी ने इसकी सूचना पुलिस के डायल 112 नंबर पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षों को अपने साथ लेकर थाने पहुंची। यहां भी दोनों पक्ष अपनी बात को लेकर अड़े रहे। बकरी पालक का कहना था कि उनकी बकरी को कुत्ते ने बुरी तरह से काट लिया है। जिससे बकरी की मौत भी हो सकती है। वहीं कुत्ता पालक का कहना है कि यदि बकरी मर गई तो हम बकरी की कीमत देने को तैयार हैं। दोनों पक्षों को लेकर थाने पर घंटों पंचायत चली। पुलिस के समझाने के बाद मामला शांत हो सका।

## छत्तीसगढ़ कैडर के पूर्व आईएएस को हाईकोर्ट से मिली राहत

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ कैडर केपूर्व आईएएस बाबू लाल अग्रवाल की नोएडा स्थित भवन को संबद्ध किए जाने के मामले में राहत दे दी है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जब तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अपीलीय न्यायाधिकरण प्राधिकारी की नियुक्ति नहीं हो जाती है, तब तक के लिए उसका यह आदेश प्रभावी रहेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने एक्सप्रेस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड व दो अन्य की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने याची को राहत देते हुए कुछ शर्तें भी लगाई हैं। कोर्ट ने याची को एक करोड़ रुपये की बैंक गारंटी देने के लिए कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने भवन के विक्रय पर रोक लगा दी है। यह भी आदेश दिया है कि याची संपत्ति (आवासीय भवन) को किसी तीसरे को स्थानांतरित नहीं कर सकेगा और न ही गिरवी रख सकेगा। मामले में याची मेसर्स एक्सप्रेस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने ईडी के उप निदेशक द्वारा 27 नवंबर 2020 को आय से अधिक संपत्ति के मामले में नोएडा स्थित भवन को संबद्ध कर जांच किए जाने के मामले में रोक लगाकर उस पर आदेश दिए जाने की मांग की थी। ईडी के अधिवक्ता मनुवर्धन ने याचिका की पोषणीयता पर सवाल उठाया। कहा कि याचिकाकर्ता रायपुर छत्तीसगढ़ का निवासी है। जिस प्राधिकारी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांन्ड्रिग एक्ट –पीएमएलए) की धारा पांच (एक) के तहत कार्रवाई की है, वह छत्तीसगढ़ में तैनात है। इसलिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय को वर्तमान याचिका पर विचार



करने का कोई अधिकार नहीं है। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता निश्चित ही रायपुर छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी है, लेकिन मौजूदा संपत्ति (भवन) न्यायालय के अधिकार के अंतर्गत है। इसलिए उसे आदेश पारित करने का अधिकार है। न्यायालय के पास सरकार, प्राधिकरण या व्यक्ति को निर्देश, आदेश जारी करने की शक्ति है। यह भी तर्क दिया कि प्रतिवादी की ओर से याची को नोटिस जारी करने का अधिकार भी नहीं है। केंद्र सरकार अध्यादेश के माध्यम से अपीलीय न्यायाधिकरण का गठन करेगी। इस समय ईडी का अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है। इस पर कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए याची को अपीलीय न्यायाधिकरण प्राधिकारी की नियुक्ति होने तक राहत दे दी।

## अयोध्या में मकर संक्रांति के पर्व पर पार्षद मणिराम दास ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। मकर संक्रांति पर एक तरफ जहां श्रद्धालुओं ने अयोध्या के सरयू घाट पर स्नान कर दान–पुण्य किया तो वहीं दूसरी ओर अयोध्या के विभिन्न मठ–मंदिरों में भी मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मठ–मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन–पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास व तपस्वी छावनी के संत परमहंस दास व आलोक ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें लोग दान–पुण्य करते हैं। इस अवसर पर अयोध्या छावनी वार्ड के पार्षद मणिराम दास, ओम प्रकाश ब्रह्मचारी, तालुकदार पांडे, महेंद्र शर्मा, रविंद्र दास, दयालु, रवीना, सौरभ पांडे, राहुल पांडे, वीरेंद्र शास्त्री, आशुतोष तिवारी, प्रिंस






पाठक, राम सागर यादव, मुन्ना यादव, अंगद साहनी, मुकेश तिवारी, दीपक पांडे सहित कई लोगों ने मकर संक्रांति पर भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया।

## माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें महायोगी गोरखनाथ जी के अक्षय पात्र में चढ़ाई खिचड़ी

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : मकर संक्रान्ति का जहां कई धार्मिक अनुष्ठानों के कारण तथा लोक परलोक में उत्तम गति देने वाला होने के कारण भी विशेष महत्व है और प्रायः सारे देश में यह बड़े उत्साह और श्रद्धा–विश्वास के साथ मनाया जाता हैं वहीं इस पुण्य पर्व का शिवावतार महायोगी गोरखनाथ जी और गोरखपुर से भी विशेष महत्व है। इस सम्बन्ध में ज्ञात इतिहास के अनुसार त्रेता युग में कभी महायोगी गुरू गोरखनाथ जी भ्रमण करते हुये कांगड़ा जिले के ज्वाला देवी के स्थान पर पहुंचे। महायोगी को आया देखकर स्वयं देवी प्रकट हुई और उनका स्वागत करते हुये उन्होंने उनसे धाम में ही भिक्षाग्रहण करने का आमंत्रण दिया। देवी के स्थान में वामाचार विधि से पूर्जा–अर्चा होने के कारण मद्य–मांस युक्त तामसी भोजन गोरखनाथ जी ग्रहण नहीं करना चाहते थें। इसलिये उन्होंने देवी से प्रार्थना की कि मैं खिचड़ी खाता हूं और वह भी मधुकरी द्वारा प्राप्त करके। देवी ने कहा कि ठीक है में खिचड़ी पकाने के लिये अदहन गरम करा रही हूं तुम खिचड़ी मांग कर ले आओ। कहते हैं वहां से गोरखनाथ जी भिक्षा में खिचड़ी मांगते हुये अयोध्या की इस प्रान्त भूमि में जो अब गोरखनाथ जी के नाम से ही गोरखपुर कहलाता है आ गये। शान्त और एकान्त स्थान देखकर



हिमालय की तलहटी की इस पुण्य भूमि में महायोगी समाधिस्त हो गये। खिचड़ी के लिये रखा गया उनका खप्पर श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों द्वारा खिचड़ी चढ़ाये जाते रहने के बाद भी न भरा न ही वे लौट कर कांगड़ा जहां ज्वाला देवी के प्रभाव से जल खौल रहा है वापस गये। महायोगी गोरखनाथ जी के उसी अक्षय पात्र में तब से लोग खिचड़ी चढ़ाते चले आ रहे हैं। श्रद्धा और भक्ति तथा उत्तरवर्ती नाथ सन्तों की लोकप्रियता के कारण धीरे–धीरे संक्रान्ति के पर्व पर यहां श्री नाथ जी के मन्दिर में भारी संख्या में लोगों के आने के साथ–साथ कई दिनों तक चलने वाले उत्तरोत्तर वर्तमान मेले का भी आयोजन विगत कई सौ वर्षों से होता चला आ रहा है जिसमें लाखों लोग जुटते हैं।

## लायंस क्लब क्षितिज ने गरीबों में बांटा लाई गुड़ तिलवा व पतंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद जौनपुर की सेवा कार्यो में अग्रणी संस्था लायंस क्लब क्षितिज ने शहर के कई हिस्सों में घूम–घूम कर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गरीबों को लाई, गुड़, तिल व बच्चों में पतंग का वितरण किया। सर्वप्रथम लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष जय कृष्ण साहू जैकी जी व उनकी पूरी टीम ने चाचकपुर, सिपाह मुसहर बस्ती में करीब 200 लोगों को लाई गुड़ तिल के पैकेट व बच्चों को पतंग बांटकर समाज को एक नेक कार्य करने की सीख दी। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा हमारी संस्था सदैव इस बस्ती में आती रहती है और यह ऐसी बस्ती है जहां तक सरकार भी मदद नहीं पहुंचा पाती लेकिन हमारी संस्था चाहे लाकडाउन की विषम परिस्थितियां रही हो उस समय से लेकर आज तक जो भी संभव मदद हो सकती है हमारी संस्था सदैव इस प्रकार के कार्य करती रहती है। इसके उपरांत सद्भावना पुल पर करीब 100 पैकेट अन्न के वितरित किए गए इस अवसर पर जोन चेयर पर्सन दिलीप सिंह ने कहा हमारी संस्था का उद्देश्य ही है गरीबों व असहायों की मदद करना उसी क्रम में हमारी संस्था समाज के निम्न वर्ग तक अपनी मदद पहुंचाने का कार्य करती है। इसके उपरांत लगभग 100 पैकेट लाई, गुण, तिल आदि के




जेसीज चौराहे के बगल में असहाय लोगों में लायंस क्लब क्षितिज के उपाध्यक्ष विष्णु सहाय जी की उपस्थिति में वितरित किया गया। इस नेक कार्य में लायंस क्लब क्षितिज के कोषाध्यक्ष अजीत सोनकर व सम्मानित पदाधिकारी संजय बैंकर, दिलीप जायसवाल, नीरज सिंह, दीपक साहू, राजीव गुप्ता आदि लोगों ने अपना भरपूर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु सचिव प्रदीप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया व आगे भी इसी ढंग के सेवा कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

## केशव प्रसाद मौर्या सिराथू से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

प्रयागराज ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण लिए प्रत्याशियों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कौशांबी जिले के सिराथू विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। कौशांबी डिप्टी सीएम का गृह जनपद भी है। वह सिराथू से पहले भी एक बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। काफी समय से उनके सिराथू से ही चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थी। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने करीबी अरुण अग्रवाल को सिराथू विधानसभा का प्रभारी भी नियुक्त कर दिया था। इसके बाद से ही उनके सिराथू से ही चुनाव लड़ने की संभावना काफी बढ़ गई थी। शनिवार को इसकी औपचारिक घोषणा भी कर दी गई। काफी समय से कौशाम्बी में हैं सक्रिय डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य काफी समय से सिराथू में सक्रिय हैं। डिप्टी सीएम बनने के बाद उन्होंने इस क्षेत्र में कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। 2012 के विधानसभा चुनाव में भी वह इस सीट से कमल खिला चुके हैं। हालांकि दो साल बाद ही फूलपुर से लोकसभा चुनाव में टिकट मिल जाने के कारण उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। गृह जनपद होने के कारण सिराथू में इलाके में उनकी काफी अच्छी पैठ भी बताई जा रही है। वर्तमान



में यहां से भाजपा के शीतला प्रसाद विधायक हैं। कौशांबी में विधानसभा की तीन सीटें हैं। तीनों पर भाजपा का कब्जा है। चायल से संजय कुमार गुप्ता जबकि मंझनपुर से लालबहादुर विधायक हैं। पांचवें चरण में होगा मतदान कौशाम्बी में पांचवें चरण में 27 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। एक फरवरी को जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। आठ फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बसपा में टिकट के नाम पर लाखों हड़पने का आरोप

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर बसपा में टिकट बिक्री का जिन्ध्न खड़ा हो गया है. दरसअल मुजफ्फरनगर जनपद से आयी खबर को सुनकर और देखकर सियासी गलियारों में खलबली मच गई है. यही नहीं, बसपा में टिकट की बिक्री का मामला कोतवाली पहुंच गया है. बसपा नेता अरशद राणा ने पश्चिमी यूपी प्रभारी शमसुद्दीन राईन पर टिकट के नाम पर 67 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। यही नहीं, अरशद राणा ने शमसुद्दीन राईन के खिलाफ थाने में तहरीर दी है. इस दौरान वह थाने में ही इंस्पेक्टर के सामने फूट–फूटकर रोने लगे. राणा ने कहा कि बसपा ने मेरा तमाशा बना दिया है. राईन मुझे ऑफिस में अंदर बिठाकर कहते हैं कि तेरी जगह किसी और को चुनाव लड़ा रहे हैं. आप देख रहे होंगे कि मैं अखबार में विज्ञापन के अलावा होर्डिंग और पोस्ध्टर पर खर्चा कर रहा हूं, लेकिन ऐन वक्त पर मेरे साथ ऐसा हो रहा है. वहीं, बसपा नेता अरशद राणा ने चेतावनी दी है कि अगर इंसाफ नहीं मिला तो वह आत्मदाह कर लेंगे।

## मनाया गया माघ माह संक्रान्ति पर्व

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनांक 14.01.2022 को माघ माह संक्रान्ति पर्व श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे रहिरास साहिब के पाठ से प्रारम्भ हुआ जो रात्रि 9:30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी में शबद कीर्तन –माधि मजनु संगि साधूआ धूड़ी करि स्नान।। एवं नाम



सिमरन, द्वारा आई साध संगतों को निहाल किया तत्पश्चात् ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने माघ माह संक्रान्ति पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ईश्वरीय गुणों का वर्णन किया कि इस माह में तीर्थ स्नान करने से मनुष्य के तन मन की मैल तो धुल जाती है परन्तु मन की मैल नही धुल पाती क्योंकि पानी की पहुँच मन तक नही है, मन तो अपवित्र रहता है, मन की मैल तो केवल प्रभु सिमरन करने से ही पवित्र होती है इसलिये पानी और बाणी में बड़ा अन्तर है। दीवान की समाप्ति के पश्चात लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने आयी साध संगतों को माघ माह संक्रान्ति पर्व की बधाई दी। कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर वैक्सीन लगाने का विशेष अभियान चलाया गया और गुरुद्वारा साहब के आसपास के इलाके में गुरुद्वारा साहब के सेवादारों ने बच्चों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया और मकर संक्रांति के दिन 457 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। ज्ञात हो कि गुरुद्वारा साहब ने सामान्य वैकसीनेशन के साथ–साथ बच्चों को तथा बूस्टर डोज भी लगाई जा रही है। तत्पश्चात गुरू का लंगर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। लंगर बांटने की सेवा दशमेश सेवा सोसायटी के सेवादारों ने की।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड–19 टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड–19 टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में विकास खण्डवार समीक्षा की। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन टीमों का प्रदर्शन कम है उनके साथ समन्वय रखते हुए सक्रियता बढाये और प्रत्येक टीम लगभग 200 से अधिक लोगो को टीकाकरण कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण की डाटा फीडिंग आनलाइन पोर्टल पर शीघ्र करा ले और कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए 15 से 18 वर्ष के युवाओं का टीकारण अभियान चलाकर कराये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि पहला और दूसरा डोज शीघ्र लगवाते हुए शत–प्रतिशत टीकाकरण की उपलब्धि हासिल करे। दूसरे डोज के 9 माह के पश्चात ही प्रिकॉशनरी डोज ली जाय। इस अवसर पर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

पाप तो बुरा है लेकिन पुण्य का अहंकार भी तो बुरा होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# भारत–रूस संबंध : मास्को का महत्व

आम तौर पर अमेरिका के साथ अपने संबंधों से खुश होने के विपरीत भारत रूस के साथ अपेक्षाकृत अपनी कम महत्वपूर्ण कूटनीति को मजबूत करने के लिए तैयार है। भारत और रूस के पुराने भाईचारे वाले संबंधों में लौटने को लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति, रक्षा सहयोग, सुरक्षा मुद्दों पर एक साथ काम करने, आतंकवाद का मुकाबला और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्र हैं, जिसके लिए तत्काल काम करने की जरूरत है। इस लिहाज से अगला पखवाड़ा महत्वपूर्ण है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन छह दिसंबर को नई दिल्ली में होंगे। अमूमन हर दिसंबर में दिल्ली या मास्को में दोनों देशों के शिखर नेताओं की मुलाकात होती ही है। कोविड के कारण सिर्फ पिछला साल इसका अपवाद था। रूस में महामारी तेजी के साथ लौट आई है और लगता है कि पुतिन भारत में सिर्फ कुछ घंटे बिताकर ही वापस लौट जाएंगे।

यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने अभी तक इस सम्मेलन को रद्द या स्थगित करने की बात नहीं कही है, जैसा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन करने के लिए मजबूर हुए थे। हर भारतीय प्रधानमंत्री के साथ पुतिन के साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं और मोदी के साथ चंद घंटे ही पर्याप्त हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश काम शिखर सम्मेलन से पहले ही पूरे हो जाएंगे। दोनों पक्ष अभी वे मुद्दे तय कर रहे हैं, जिन पर शायद केवल चर्चा की जाएगी, ताकि पुतिन की यात्रा के दौरान उन पर सहमति बनाई जा सके।

महत्वपूर्ण बात है कि शिखर सम्मेलन से पहले ही भारत को एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम की रूस से आपूर्ति शुरू हो चुकी है। यह लंबी दूरी तक दुश्मन के लड़ाकू विमानों और क्रूज मिसाइलों को निशाना बनाने की हमारी सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा देगा। भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए 2018 में 5.43 अरब डॉलर की पांच एस–400 मिसाइल के लिए अनुबंध किया था। अमेरिका इस पर भारत के खिलाफ काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शंस ऐक्ट (सीएएटीएसए) लागू करना चाहता था। लेकिन ऐसा लगता है कि भारत ने जो बाइडन प्रशासन के साथ, जिसने भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति उल्लेखनीय समझदारी दिखाई है, यह मुद्दा सुलझा लिया है। अपने घनिष्ठ रणनीतिक संबंधों को देखते हुए अमेरिका इन प्रणालियों की खरीद से भारत को रोक भी नहीं सकता था। तब तो और नहीं, जब चीन के पास पहले से यह है, जिसे उसने तिब्बत में तैनात किया है और जिससे भारत को खतरा है।

शिखर सम्मेलन से पहले पांच दिसंबर को भारत और रूस के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच (2़2) वार्ता होगी। इससे पहले भारत ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ ऐसी बातचीत की है, जिन्होंने क्वाड बनाया है। इसकी तत्काल आवश्यकता खासकर भारतीय सीमा पर चीन के रुख को लेकर पैदा हुई है। रूस के साथ ऐसी वार्ता भारत–रूस के स्थायी संबंधों के कारण महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि मास्को ने हाल ही में क्षेत्रीय मुद्दों, खासकर अफगानिस्तान पर दिल्ली के बजाय बीजिंग के साथ गठबंधन किया है। रूस ने हाल ही में भारत और पाकिस्तान द्वारा आयोजित सुरक्षा वार्ता में भी भाग लिया था। चीन अपने सहयोगी पाकिस्तान को महत्व देने के लिए भारत सरकार द्वारा आयोजित बैठक से दूर रहा।

लेकिन इस क्षेत्र में वास्तव में कोई भी अफगानिस्तान और अफगानिस्तान–पाकिस्तान के अनियंत्रित कबायली क्षेत्र (जो आतंकी गुटों की शरणस्थली रहा है) से पैदा होने वाले खतरे की अनदेखी नहीं कर सकता। तालिबान को खुद इस्लामिक स्टेट–खुरासन से खतरा है। यह खतरा इतना गंभीर है कि इसके चलते पांच मध्य एशियाई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दिल्ली में बैठक करने आए।

भारत–रूस द्विपक्षीय व्यापार 8.1 अरब डॉलर तक पहुंचा है, जो क्षमता से निस्संदेह काफी कम है। लेकिन रूस 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा भागीदार है। चार प्रोजेक्ट 1135.6 फ्रिगेट का निर्माण और सह–उत्पादनय 100 प्रतिशत स्वदेशीकरण के माध्यम से दुनिया की सबसे उन्नत असॉल्ट राइफल–एके–203 का भारत में निर्माणय एसयू–30 एमकेआई और मिग–29 एस लड़ाकू विमानों की अतिरिक्त आपूर्तिय मैंगो गोला बारूद और वीएसएचओआरएडी प्रणाली की अतिरिक्त आपूर्ति एजेंडे में है।

पिछले तीन वर्षों में दोनों देशों ने तेल, प्राकृतिक गैस, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया है। इन सबको मजबूत करने की आवश्यकता होगी। आर्थिक सहायता अब मास्को से दिल्ली की तरफ एकतरफा नहीं है। पहली बार, भारत ने विशेष रूप से सुदूर पूर्व में उसके विकास में घरेलू व्यापार भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए रूस को एक अरब डॉलर की सॉफ्ट क्रेडिट लाइन की घोषणा की। भारत रूस को अलग–थलग नहीं देखता–यह यूरेशिया है। भू–राजनीति के अलावा, भू–अर्थशास्त्र भी काम कर रहा है। दोनों देश ईरान से होकर उत्तर–दक्षिण गलियारे के पूरक के लिए चेन्नई–व्लादिवोस्तोक पूर्वी समुद्री गलियारे को बढ़ावा दे रहे हैं। वे आर्कटिक क्षेत्र सहित उत्तरी समुद्री मार्ग पर भी काम कर रहे हैं, जिसमें भारत और रूस विशेष परामर्श कर रहे हैं।

रूस में भारत के दूत वी. बी. वेंकटेश वर्मा कहते हैं, 'यदि हम विशाल यूरेशियन महाद्वीप के विभिन्न भागों में तीन बड़े भू–राजनीतिक रुझानों को देखें, तो भारत की भागीदारी रूस के हितों के और भारत के अपने हितों के अनुरूप है। हमने जुड़ाव के नए रास्ते खोले हैं, जिनके प्रभाव को महीनों या वर्षों में नहीं, बल्कि दशकों में मापा जाएगा। हमारी रणनीतिक साझेदारी को मापने के लिए यही सही कालानुक्रमिक इकाई है।' वह जोर देकर कहते हैं कि भारत–रूस संबंध अमेरिका, चीन या किसी और के साथ भारत के संबंधों को प्रभावित नहीं करते हैं।

हाल के वर्षों में चीन के साथ भारत के संबंध बहुत खराब हुए हैं। ऐसे में भारत के लिए मास्को का महत्व समझ में आता है। पिछले साल नई दिल्ली और बीजिंग के बीच उसने मध्यस्थता की शांत कोशिश की थी, जब दोनों देशों ने अपनी–अपनी शर्तों पर लद्दाख गतिरोध का समाधान चाहा था। यह भारत–रूस संबंधों के कम चर्चित, लेकिन महत्वपूर्ण हिस्से का सार है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## लखनऊ में गठबंधन के जो भी उम्मीदवार होंगे उनके लिए काम किया जाएगा : मुर्तुजा अली

आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्री मुर्तुजा अली ने आज पार्टी कार्यालय में एक बैठक की और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि 2022 के चुनाव के लिए कमर कस ले।इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ रही अराजकता और महंगाई के खिलाफ कार्यकर्ता एकजुट हो जाये। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के सभी उम्मीदवारों के लिए लखनऊ महानगर इकाई उन को जिताने के लिए घर–घर जाकर प्रचार करेंगे उन्होंने कहा कि घर घर जाकर अखिलेश यादव एवं शिवपाल यादव की नीतियों को बयान करें साथ ही साथ उन्होंने वोट डालने पर भी लोगों को जागरूकता के लिए भी उन्होंने जोर दिया। माननीय शिवपाल यादव जब जब सरकार में रहे तब तक लोगों को फायदा पहुंचाया है और लोगों की हर संभव मदद करने का भी प्रयास किया है ऐसा नेता



मिलना मुलायम सिंह के बाद अब शिवपाल यादव ही कर सकते हैं श्री अली ने अखिलेश यादव को कहा कि प्रदेश के अच्छे मुख्यमंत्री रहे हैं। इस मौके पर शाहिद सिद्दीकी सतीश जावेद सिद्दीकी और उसे सिद्दीकी इमरान असद अमन मिश्रा शाहिद अली दिवाकर शुक्ला मूसा हसन राजेंद्र कुमार मिश्रा मोहम्मद फिरोज आदि लोग उपस्थित थे।

## समस्त प्रतिष्ठान कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करे –डीएम

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द लोगों से मकर संक्रांति तथा खिचड़ी पर्व के समस्त अनुष्ठानों में कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने की अपील करते हुये कहा है कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होने बताया कि शासन से जारी दिशा निर्देशो के अनुसार कोविड के बढते हुये संक्रमण को रोकने के लिये कोविड नियमो का यथा सोशल डिस्टेसिग मास्क का उपयोग तथा सेनेटाईजर का प्रयोग की अनिवार्यता का कडाई से अनुपाल किया जाये। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के आयोजनों में कोविड वैक्सीनेशन की डबल डोज प्राप्त किये हुए व्यक्ति ही सम्मिलित हों। विभिन्न बीमारियो से ग्रसित (कोमॉर्बिड) व्यक्ति हों वरिष्ट नागरिक गर्भवती महिलाये बच्चे तथा ऐसे जिन लोगों को बुखार जुकाम अथवा गला खराब जैसे कोविड लक्षण हों ऐसे लोगो को मकर संक्रांति के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर होने वाले मेलों, पावन



नदियों में स्नान तथा अन्य आयोजनों में जाने से बचें। उन्होने बताया कि स्नान/ मेले में पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। कोविड टीकाकरण के सम्बन्ध में भी जानकारी उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह आयोजन स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के उच्च मापदण्डों के आधार पर सम्पन्न कराए जाएं।

## तहसील मिल्कीपुर में 460 बूथों पर 3 लाख 56 हजार 829 मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)इस समय आचार संहिता लगते ही जिले के सभी अधिकारी एक्शन मोड में आ गए हैं।जिसके चलते चुनाव की तैयारियां भी जोर शोर से चल रही हैं।मिली जानकारी के मुताबिक इस बार अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा में 460 बूथों पर वोटिंग होगी।इस संबंध में अधिकारियों ने बूथों का निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। मिल्कीपुर विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के लिए मिल्कीपुर तहसील प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। जानकारी के अनुसार 3 लाख 56 हजार 829 मतदाता हैं, वही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रिटर्निंग ऑफीसर मिल्कीपुर दिग्विजय प्रताप सिंह विधानसभा निर्वाचन की समस्त तैयारियों को अंतिम रूप देने में युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। जिसके तहत समिति विधानसभा के मतदेय स्थलों एवं बूथों पर मतदाताओं के साथ बैठक कर उन्हें निर्भीक एवं स्वतंत्र होकर मतदान किए जाने हेतु प्रेरित भी कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव में 3 लाख 56 हजार 829 मतदाता है, जिनमें एक लाख 89 हजार 485 पुरुष एवं 1 लाख 67 हजार 344 महिला मतदाता शामिल हैं, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और 44 बूथ क्रिटिकल बूथ है समूची विधानसभा में 24 मतदान केंद्रों के सापेक्ष 44 क्रिटिकल बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा 14 मतदान केंद्रों के सापेक्ष 17 बूथ वल्नरेबल चयनित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 460 बूथों के सापेक्ष 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग भी कराए जाने की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र स्थित सभी 260 मतदान केंद्रों पर ईवीएम का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण मतदाताओं में करा दिया गया है। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं में 80 वर्ष के ऊपर की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं का सत्यापन बुधवार से विशेष अभियान चलाकर कराया जा रहा है। रिटर्निंग अफसर दिग्विजय प्रताप सिंह द्वारा समस्त मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को मुकम्मल कराए जाने के निर्देश भी मातहतों को दिए जा रहे हैं।

## हिन्दू महासभा प्रत्याशी बनाये जाने की संभावना के बीच जनसंपर्क अभियान में जुटे राकेश दत्त मिश्र

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अखिल भारत हिन्दू महासभा अयोध्या जनपद अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र को अयोध्या विधानसभा से प्रत्याशी बनाये जाने की संभावना है । पहले हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी महाराज यहां से चुनाव लड़ रहे थे , किन्तु अस्वस्थ होने के कारण उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है स्वामी त्रिदंडी जी महाराज हैदराबाद स्थित जगन्नाथ मठ में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।स्वामी त्रिदंडी जी महाराज के इनकार के बाद जिला अध्यक्ष राकेश दत्त मिश्र का नाम सर्वोपरि माना जा रहा है । साल भर पहले ही राकेश दत्त मिश्र को अयोध्या विधानसभा से प्रत्याशी घोषित कर दिया था।किन्तु 4 माह पूर्व नेमिषारण्य बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडी जी महाराज के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद राकेश दत्त मिश्र ने अपना दावा वापस ले लिया था । अब स्वामी जी के अस्वस्थ होने से राकेश दत्त मिश्र के चुनाव लड़ने की संभावना प्रबल हो गई है।राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि स्वामी जी के इनकार से कार्यकर्ताओं में निराशा है । अब वो पुनः चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।उन्होंने जिला स्तर के पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर चुनाव प्रचार अभियान की रणनीति बनानी आरम्भ कर दी है । इसके साथ मतदाताओं से जनसंपर्क अभियान आरम्भ कर दिया है।राकेश दत्त मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या के नागरिक भाजपा शासन में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं । बेरोजगारी और गरीबी सुरसा के मुँह की तरह बढ़ती रही,किन्तु भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं सरकार ने इन समस्याओं के निराकरण के लिए कभी ईमानदारी से प्रयास नही किया।किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर भी भाजपा जनप्रतिनिधि आंख मूंदें रहे । अयोध्या विधानसभा के युवाओं , व्यापारियों , किसानों और मजदूरों में भाजपा के प्रति गहरा जनाक्रोश पनप रहा है । वो भाजपा के विरुद्ध हिन्दू महासभा के पक्ष में मतदान कर अपना प्रतिकार लेंगे।हिन्दू महिला सभा की उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बबिता यादव ने राकेश दत्त मिश्र को प्रत्याशी बनाये जाने की संभावना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सभा कार्यकर्ताओं की टीम घर घर जाकर राकेश दत्त मिश्र के पक्ष में मतदान की अपील करेगी और उनकी जीत का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

## मुख्य सचिव के आदेश को ठेगें पर रखता है अयोध्या जिला प्रशासन

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) उप्र शासन के नव नियुक्त मुख्य सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्र द्वारा दिये गये यह निर्देश कि एक, जनवरी से दस जनवरी तक, अभियान लगाकर किसानो की हरी भरी फसलो चट, कर रहे छुट्टा और बेसहारा पशुओं को पकड कर गौशाला मे भेजा जाए। लेकिन सोहावल क्षेत्र के दर्जनो गांव का दौरा करने पर ग्रामीणो ने बताया कि इस योजना के बारे मे न हमने सुना न एक भी जानवर पकडे गये। जिस कारण सोहावल तहसील क्षेत्र भर मे इन छुट्टा जानवरों का, आतंक अभी भी जारी है। जिससे किसानों को रात–रात भर जागकर जागकर तथा हांका लगाकर जानवरो को भगाकर अपनी फसल की रखवाली करते है। अम्बर पुर निवासी दयाशंकर मौर्या, मगलसी निवासी गणेश वर्मा राम सिंह पासी, भरथु पुर निवासी केदार नाथ मौर्या, संजीव सिंह निवासी देवरा कोट, आदि ने बताया कि सोहावल प्रशासन की निष्क्रियता पूर्ण कार्यशैली से किसानों का जीना दुश्वार है। तथा उनके द्वारा फसलो मे लगाई गयी कीमत भी वापस लौटने वाली नही है।इस बारे मे एसडीएम सोहावल अनुराग प्रसाद से पूछने पर उन्होंने अनभिज्ञता प्रकट, की तथा बीडीओ रशेष कुमार गुप्ता का फोन ही नही उठा।

## शिशु मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हुआ गोष्ठी एवं खिचड़ी भोज का आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विद्या भारती द्वारा संचालित तारागाँव के जय श्री बालाजी सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय में आज मकर संक्रान्ति का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विद्या भारती के प्रधानाचार्य एवं आचार्य बंधु,विद्यालय समिति के सदस्य अभिभावक बन्धु, एवं विद्यालय के भैया/बहन उपस्थित रहे। समस्त उपस्थित अतिथि गण एवं विद्वत जनों ने विद्या की देवी माँ शारदे का दीप प्रज्वलन कर गोष्ठी का प्रारंभ किया समस्त विद्वत जन एवं अतिथि गणों का बहनों ने माल्यार्पण कर रोली तिलक किया। इस मौके पर प्रमुख वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह खंड कार्यवाह विनय वाजपेयी ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित समस्त अतिथि गणों एवं अभिभावक तथा भैया/बहनों को मकर सक्रांति के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि आइये हम सब इस पावन पर्व पर तिल के समान बिखरे पूरे समाज को,गुड़ के समान अपने मीठे व स्नेहपूर्ण व्यवहार से संगठित करते हुए भारतमाता की सेवा एवं अखण्डता की रक्षा करते हुए उसे पुनः परम वैभव पर स्थापित करने का संकल्प लें। वाजपेयी नें बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन ही गंगा जी भगीरथ के पीछे लेकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए सागर में मिल गई थीं, इसीलिए मकर संक्रांति को गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। उन्होनें बताया कि आज के दिन दान में गुड़, काले तिल,



खिचड़ी, कंबल और लकड़ी का विशेष दान होता है। गोष्ठी का समापन होनें के बाद खिचड़ी भोज का कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी भैया/बहिनों,अतिथिगण,प्रधानाचार्य, एवं आचार्यों तथा अभिभावक बन्धुओं ने खिचड़ी भोज किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक दिनेश चन्द्र वाजपेयी,विद्यालय समिति के सदस्य बृजेन्द्र पाल सिंह,गुड्डू सिंह,प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह,आचार्य प्रेमपाल,मोहित कुमार,उमाशंकर,एवं ग्राम तारागाँव के प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह,अभिभावक उमाशंकर मिश्रा,अमित यादव,अनंत पाठक शुशील यादव,छुटकुन्नू पाठक,विनोद,सतीष कुमार,काशी कुमार, सुनील कुमार मिश्रा,रघवीर,,प्रदीप सिंह,गुड्डू,श्यामू मिश्रा,,सुनील गुप्ता, राठौर,इंद्रजीत,सुरजीत कुमार,आदित्य गुप्ता,रामबाबू,मोनू राठौर,सुमित राठौर,रोहित राठौर,आलोक शर्मा अवनीश कुमार तथा कई अन्य तारागाँव, कैंमी, चकढकिया, करौंदीं, सुंदरपुर, अन्तोरा, धनवार, चठिया, सढ़वापुर, परसही आदि ग्रामों के लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का किया गया निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्मित एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का निरीक्षण/बैठक किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कमाण्ड सेन्टर में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों/जन सामान्य के आने वाले फोन काल को रिसीव कर उनकी समस्त समस्याएं का निराकरण करें तथा आने वाले प्रत्येक फोन काल को रजिस्टर में दर्ज किया जाय। उन्होंने सम्बन्धित प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कोरोना पॉजिटिव मरीजों से वार्ता कर उन्हें सभी सुविधाएं जैसे– दवा किट, आईसोलेशन में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमित व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। ज्ञात हो कि जनपद सुलतानपुर में 109 पॉजिटिव केस दर्ज किये गये है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कोविड कमाण्ड सेन्टर की विद्युत व्यवस्था, दूरभाष/लैंडलाइन, साफ–सफाई, सेनेटाइजेशन आदि व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कमाण्ड सेन्टर के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि



एल–2 हास्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे की मॉनीटरिंग कोविड कमाण्ड सेन्टर से किया जाये, ताकि कोविड संक्रमित मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। कोविड कमाण्ड सेन्टर में आने वाले फोन को रजिस्टर में अंकन किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोविड–19 वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन प्रभावी ढंग से करें।

## जीवंत एवं श्रेष्ठ लोकतंत्र के लिए प्रेस की आजादी सुनिश्चित हो : प्रो.अशोक कुमार राय

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक एवं साप्ताहिक समाचार पत्र पावन भारत टाइम्स का सप्तम् स्थापना दिवस गुरुवार को साकेतपुरी अयोध्या स्थित संस्था के प्रधान कार्यालय अनन्त शिखर भवन के सभागार में कोविड–19 काल के मद्देनजर सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रेस की भूमिका विषयक संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में श्रीराम वल्लभकुंज के अधिकारी संत पूज्य राजकुमार दास,मुख्य वक्ता डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि संकायाध्यक्ष प्रो.अशोक कुमार राय, विशिष्ठ अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, विशिष्ठ अतिथि तीन कलशा तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति तिवारी, प्रेस क्लब अयोध्या अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी , समाजसेवी इंजीनियर रवि तिवारी, वालीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक विशाल मिश्र सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी संबोधित किया । समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में डा.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि संकायाध्यक्ष प्रो.अशोक कुमार राय ने संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का बहुत बड़ा सेवक है और साथ ही प्रहरी भी है। उसे ज्ञान और क्रिया दोनों में निष्णात होना चाहिए ।स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में पत्रकारों का मिशन देश की स्वतंत्रता प्राप्त करना था। उसके लिए देशभर में जागरण करना था ,लेकिन स्वतंत्रता के बाद सामाजिक और आर्थिक स्थिति में परिवर्तन करना था ।इन दोनों ही मामलों में पत्रकारिता जगत की भूमिका महत्वपूर्ण थी। सबसे पहली बार राजनीति विज्ञानी एडमंड वर्क में फोर्थ पिलर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में प्रेस को मान्यता देने की वकालत की वह अंग्रेजी कामन सभा के सदस्य थे ।भारत के संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता का स्पष्ट उल्लेख नहीं है फिर भी अनुच्छेद 19 (2) में वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में प्रेस की स्वतंत्रता भी शामिल है। इसे उच्चतम न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णयों में स्पष्ट किया है ।संगोष्ठी के बाद डा.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विधि संकायाध्यक्ष प्रो.अशोक कुमार राय को विधि शिक्षा के क्षेत्र और चिकित्सा एवं समाज सेवा क्षेत्र में डॉक्टर आर.पी पांडेय वैद्य , प्रेस क्लब अयोध्या अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठीको उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पावन भारत अति विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संत हरिदास रितेश दास, परमजीत कौर, कविराज दास, अनुरूद्ध शुक्ला, डॉ दिनेश तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ वर्मा, महेंद्र कुमार उपाध्याय, आदर्श मिश्रा , जय शंकर त्रिपाठी, हरीश सिंह, संजय यादव, आचार्य स्कंद दास ,राकेश वैद्यको पत्रकारिता, समाजसेवा, साहित्य सृजन आदि विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए अति विशिष्ट जनों को प्रशस्ति पत्र, कैलेंडर एवं डायरी भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधान संपादक पवन पांडेय एवं संचालन स्थानीय संपादक अमरनाथ वर्मा ने किया । प्रारंभ में प्रधान संपादक पवन पांडे ने सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए स्वागत किया। तत्पश्चात समाचार पत्र परिवार की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया अंतिम सत्र में अयोध्या की कवित्री श्रीमती कात्यानी उपाध्याय एवं संगीता पांडे ने अपनी काव्य रचनाओं को सुमधुर अंदाज में प्रस्तुत किया जिस पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो गया। समारोह में उपाजा अयोध्या इकाई जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तिवारी, प्रबंध संपादक महेंद्र कुमार उपाध्याय, राकेश तिवारी, डीके तिवारी, अचल वार्ता संपादक कुमार मुकेश , ओम प्रकाश श्रीवास्तव ,रवि मौर्य , शेषमणि पांडेय, पवन खरवार, अनूप श्रीवास्तव, अंकुर पांडे ,विकास पांडे सहित तमाम प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

